# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: **प्रेस–नोट** :–

**दिनांकः 22.01.2026**

आयोग द्वारा विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार निम्नानुसार आयोजित किये जायेंगेः–

| क्र.सं. | भर्ती / पद का नाम | साक्षात्कार दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, 2024 (कार्मिक (क–4 / 2) विभाग) (पांचवा चरण) | दिनांक 02.02.2026 से 13.02.2026 तक |
| 2. | सहायक आचार्य – वनस्पति विज्ञान (BOTANY) (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 (अंतिम चरण) | दिनांक 02.02.2026 से 13.02.2026 तक |
| 3. | सहायक आचार्य – A.B.S.T. (कॉलेज शिक्षा विभाग), 2023 (तृतीय चरण) | दिनांक 05.02.2026 से 13.02.2026 तक |

उक्त पदों हेतु आयोजित किये जाने वाले साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होने पूर्व में विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किये हैं, विस्तृत आवेदन–पत्र आयोग की वेबसाइट http:// rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे भरकर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, 2024 के साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि समस्त अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन–पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति एवं समस्त मूल प्रमाण–पत्रों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

समस्त अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण–पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**